दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 04 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-183

# दिल्ली सरकार ने निजी स्कूलों को फीस वृद्धि की इजाजत देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली सरकार ने गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने के लिए अंतरिम फीस वृद्धि की इजाजत देने वाले उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश को मंगलवार को चुनौती दी।




याचिका मुख्य न्यायाधीश राजेंद्र मेनन और न्यायमूर्ति ए जे भम्भानी की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई, लेकिन पीठ ने मामले पर सुनवाई से खुद को अलग करते हुए निर्देश दिया कि याचिका को बुधवार को किसी अन्य पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। एकल न्यायाधीश ने 15 मार्च को फीस में अंतरिम बढ़ोतरी करने की इजाजत दे दी थी और दिल्ली सरकार द्वारा पिछले साल 13 अप्रैल को जारी परिपत्र को रद्द कर दिया था। यह परिपत्र सरकारी भूमि पर चल रहे गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को बिना शिक्षा निदेशालय की मंजूरी के ट्यूशन फीस में इजाफा करने से रोकता है।

## सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले के मास्टरमाइंड को यूएई ने किया भारत के हवाले



नई दिल्ली (आरएनएस)। 2017 में जम्मू-कश्मीर स्थित पुलवामा के लैथापोरा में सीआरपीएफ कैंप पर हुये हमले का साजिशकर्ता जैश-ए-मोहम्मद आतंकी निसार अहमद तांत्रे को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भारत डिपोर्ट कर दिया है। जैश का यह आतंकी जम्मू-कश्मीर के लेथपोरा स्थित सीआरपीएफ कैंप पर दिसंबर 2017 में हमले का मुख्य साजिशकर्ता है।

निसार अहमद वर्क वीजा के आधार पर भागने की फिराक में था। निसार अहमद को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया गया। वह 1 फरवरी को यूएई चला गया था। यूएई ने उसे डिपोर्ट कर दिया जिसके बाद मंगलवार रात को इसकी गिरफ्तारी हुई। सूत्रों के अनुसार तांत्रे का भाई, नूर मोहम्मद तांत्रे भी जैश-ए-मोहम्मद का कमांडर था, जिसे बीते साल सैन्य कार्रवाई में मार गिराया था।

गौरतलब है कि 30-31 दिसंबर 2017 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में लगभग दो भारी हथियाबंद आतंकियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के ट्रेनिंग कैंप पर हमला कर दिया जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। जैश-ए-मोहम्मद ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। आतंकी संगठन का कहना था कि यह फिदायीन हमला उसके आतंकी कमांडर नूर त्राली की मौत का बदला लेने के लिए किया गया है।

## मोदी कर्नाटक में आठ अप्रैल से करेंगे छह रैलियों को संबोधित

बेंगलूरू (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक में छह चुनाव रैलियों को संबोधित करेंगे। इनमें से दो रैलियों को वह 18 अप्रैल को संबोधित करेंगे जिस दिन राज्य के दक्षिणी जिलों की 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। भाजपा के प्रदेश महासचिव अरविन्द लिम्बावली ने कहा कि आठ अप्रैल को मोदी चित्रदुर्ग और मैसूरू तथा 13 अप्रैल को मंगलुरू और बेंगलुरू में रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने एक विज्ञप्ति में बताया कि मोदी 18 अप्रैल को चिक्कोडी और गंगावती में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।



लिम्बावली ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष अमित शाह राज्य में 10, 12, 17 और 20 अप्रैल को क्रमशः दावणगेरे, हासन, टुमकुर, कोलार, कलबुर्गी, विजयपुरा और धारवाड़ में चुनाव प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री राजनाथ सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता राज्य में चुनाव प्रचार करेंगे।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 15 और 21 अप्रैल को राज्य में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कारवाड़ और हावेरी में प्रचार करेंगे।

## राजधानी में 1.40 करोड़ लूटने वाले 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में एक कार को रुकवाकर उसमें बैठे एक व्यवसायी और उसके बेटे को बंदूक से डराकर उनसे 1.40 करोड़ रुपये लूटनेवाले दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपराध शाखा ने दिल्ली निवासी आलम अली (22) और उसके सहयोगी मुस्तकीम खान (19) को सोमवार रात उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब दोनों एक परिचित से मिलने इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि ये दोनों बबलू खान गिरोह के गुर्गे हैं और लूटपाट की कई घटनाओं में शामिल रहे हैं। अवर पुलिस आयुक्त राजीव रंजन ने कहा कि इन दोनों अपराधियों ने 22 मार्च को पीतमपुरा के नजदीक एक अनाज व्यापारी और उसके बेटे से 1.40 करोड़ रुपये लूट लिए थे।



रंजन ने कहा, बदमाशों के पास से कुल 40 लाख रुपये बरामद हुए। लूटी गई बाकी रकम बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गिरोह के गुर्गे अपनी-अपनी स्कूटी से कार का पीछा किया करते हैं और सुनसान जगह पहुंचने पर लूटपाट करते हैं। अधिकारी ने कहा कि एक स्कूटी का इस्तेमाल निशाना बनी कार को रुकवाने के लिए किया जाता है और रोक दिए जाने पर कार में बैठे लोगों पर बंदूक तानकर उन्हें लूट लिया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी गिरोह ने 15 फरवरी को एक अन्य व्यक्ति से आठ लाख रुपये लूट लिए थे।

## यौन उत्पीड़न मामले में उबर पर 1 करोड़ डॉलर का मुकदमा

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। राइड शेयरिंग दिग्गज उबर पर वाशिंगटन की एक महिला ने एक करोड़ डॉलर का मुकदमा ठोका है। महिला का आरोप है कि पिछले साल उबर के एक चालक ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया था।



चालक रौल रॉड्रिग्ज वास्त्वेज को दोषी ठहराया गया और वह जेल की सजा काट रहा है। पुलिस जांच के दौरान जुटाए गए डीएनए नमूनों पर आधारित पीड़िता को सही ठहराया गया है। पिछले सप्ताह दाखिल मुकदमे के मुताबिक, घटना एक अप्रैल 2018 की है। द वर्ज की सोमवार की रिपोर्ट में कहा गया कि पीड़िता ने दावा किया कि उबर ने एक ग्राहक के रूप में उनके प्रति कर्तव्यों का उल्लंघन किया है।

## एयरफोर्स स्टेशन के पास जिन्दा मोर्टार बम बरामद

बीकॉनेर (आरएनएस)। राजस्थान स्थित बीकानेर एयरफोर्स स्टेशन नाल के पास जिन्दा मोर्टार बम बरामद हुआ है. घटनास्थल पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी मौजूद हैं.

ज्ञात हो कि 14 फरवरी को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर हमले के बाद से ही लगातार भारत और पाकिस्तान की सीमा पर तनाव बना हुआ है. इससे पहले राजस्थान के ही श्रीगंगानगर में ड्रोन दिखे थे. जिले के फतुही और रोहीडावाली गांव के ऊपर यह ड्रोन मंडराया है. भारतीय सुरक्षा बलों ने ड्रोन को मार गिराया था.

श्रीगंगानगर में पाक की ओर से आठ-नौ बार ड्रोन भेजे जा चुके हैं. हर बार उसे सेना की ओर से उन्हें मार गिराया जाता है. इसके बावजूद पाक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है.

## चुनाव आयोग ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय से मांगा जवाब

### मोदी के नमो टीवी चैनल पर मचा बवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद से चुनाव आयोग लगातार कार्रवाई के मोड में नजर आ रहा है। चुनाव आयोग ने नमो टीवी चैनल पर आपत्ति जताई है। इसके लिए आयोग ने सूचना मंत्रालय से जवाब मांगा है। चुनाव आयोग ने दूरदर्शन से जवाब मांगा है। उसने दूरदर्शन द्वारा मैं भी चौकीदार कार्यक्रम के प्रसारण पर जवाब मांगा है और 24 घंटे प्रसारित होने वाले नमो टीवी पर भी जवाब मांगा है।




बता दें मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की तरफ से नमो टीवी के खिलाफ शिकायत की गई। कांग्रेस का कहना है कि आम चुनावों के मतदान से ठीक पहले बीजेपी द्वारा नमो टीवी चैनल का प्रसारण शुरू किया गया, जिससे आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि नमो लोगो के नाम पर चैनल चलाया जा रहा है। दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री का भाषण चलाया जा रहा है। इन दोनों मामलों पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए।

सूत्रों की मानें तो सूचना और प्रसारण मंत्रालय चुनाव आयोग से कहेगा की नमो टीवी चैनल नहीं, बल्कि सर्विस प्रोवाइडर की तरफ से एक विज्ञापन प्लेटफॉर्म है।

## पीएम मोदी की बायोपिक पर रोक लगाने से ईसी का इनकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने फिल्म पीएम नरेंद्र मोदी की रिलीज पर रोक लगाने से मान दिया है. आयोग ने कहा कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) इस मामले पर अंतिम निर्णय लेगा. उमंग कुमार के निर्देशन में बन रही बायोपिक 'पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से एक हफ्ते पहले 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली है.



कांग्रेस का आरोप है कि फिल्म का रिलीज आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा. हालांकि यह फिल्म सीबीएफसी (सेंसर बोर्ड) को भेजी जाएगी या नहीं, इस पर चुनाव आयोग ने आधिकारिक रूप से कुछ स्पष्ट नहीं किया है.

इससे पहले, चुनाव आयोग ने कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के बाद फिल्म के निर्माताओं को एक नोटिस भेजा था. कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले इसकी रिलीज पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी.

वहीं बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक याचिकाकर्ता द्वारा बायोपिक की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को कहा था कि चुनाव आयोग इस मुद्दे से निपटेगा. 29 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी फिल्म के चार निर्माताओं को नोटिस भेजा था. चुनाव आयोग ने यह नोटिस कांग्रेस और सीपीआई की शिकायत के बाद भेजा था. कांग्रेस और सीपीएम ने अपनी शिकायत में कहा था कि यह फिल्म राजनीतिक इरादे से बनाई जा रही थी.

## मसूद अजहर को हर हाल में ब्लैकलिस्ट करवाएगा अमेरिका

### पाकिस्तान को झटका

वॉशिंगटन (आरएनएस)। आतंकी सरगना मसूद अजहर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे विवाद के बीच पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल (यूएनएससी) में मसूद अजहर को ब्लैकलिस्ट करने के लिए वह हर संसाधन का प्रयोग करेगा। इसके अलावा चीन की ओर से प्रतिबंध कमेटी को जो भी बातें कही जा रही हैं, उसे भी एक धोखाधड़ी साबित करके रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा है, हम इस बात का पुरजोर समर्थन करते हैं कि यूएनएससी की ओर से प्रतिबंध की प्रक्रिया एक कमेटी से होकर गुजरे, अमेरिका और इसके साथी, जो यूएनएससी के सदस्य हैं।



## सट्टेबाजी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच तुषार अरोठे गिरफ्तार

अहमदाबाद। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में सट्टेबाजी से जुड़े मामले में गुजरात पुलिस ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच तुषार अरोठे को वड़ोदरा से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी जेएस जडेजा ने बताया, 'हमने एक कैफे में छापा मारकर तुषार अरोठे को 18 अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। उनके फोन और वाहन जब्त कर लिए गए हैं।' बता दें कि तुषार अरोठे ने जुलाई 2018 में व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए महिला टीम के कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। अरोठे के कार्यकाल में महिला टीम ने 2017 के आईसीसी महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। 2018 में महिला टीम ने साउथ अफ्रीका में हुए तीन वनडे और पांच टी 20 मैचों की सीरीज जीतने में भी सफलता हासिल की थी। अरोठे के कार्यकाल में ही टीम मलेशिया में हुए एशिया कप के फाइनल में भी पहुंची थी।

## हिंदू लड़कियों के धर्म परिवर्तन मामले की जांच के लिए आयोग

इस्लामाबाद (आरएनएस)। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने सिंध प्रांत में दो हिंदू बहनों को कथित रूप से अगवा कर जबरन इस्लाम कबूल करवाकर निकाह कराए जाने के मामले में मंगलवार को एक पांच सदस्यीय आयोग का गठन किया।

मामले के सामने आने के बाद से देश में अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा विरोध-प्रदर्शन हुआ है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह की अध्यक्षता वाली पीठ ने रीना, रवीना और उनके पतियों सफदर अली और बरकत अली की सुरक्षा की मांग करने वाले याचिका पर सुनवाई की। लड़कियों द्वारा दाखिल याचिका में कहा गया कि वे सिंध के गोटकी स्थित एक हिंदू परिवार में जन्मीं और उन्होंने इस्लामिक शिक्षा से प्रभावित होकर धर्म परिवर्तन किया। याचिका में दावा किया गया कि जान जाने के खतरे के कारण उन्होंने अपने परिवार को इस बात की जानकारी नहीं दी।

याचिका में इस बात का भी जिक्र किया गया कि दोनों लड़कियों ने 20 मार्च को अपना घर छोड़ा और दो दिन बाद स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन कर शादी की। हालांकि, लड़की के परिजनों के वकील ने कहा कि मामला जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने का है।

## टीवी में हुए विस्फोट से 3 बच्चों की मौत

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के कठोली गांव में टेलीविजन में हुए विस्फोट से तीन बच्चों की मौत हो गई है। सिविल लाइन के थाना प्रभारी ओ पी गौतम के मुताबिक, बदायूं जिले के कुठौली गांव में एक ही परिवार के अलग-अलग भाइयों के बेटे देर रात बैठकर टीवी देख रहे थे। इसी दौरान अचानक टीवी में आग लगने से तीन बच्चों की मौत हो गई। एक बच्चे ने भाग कर अपनी जान बचा ली।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस शिविर पर हमला, 8 पुलिसकर्मियों की मौत

मजार-ए-शरीफ (आरएनएस)। अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में देर रात तालिबान आतंकियों ने एक पुलिस शिविर पर हमला कर दिया, जिसमें आठ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। प्रांत की पुलिस के प्रवक्ता आदिल शाह आदिल ने समचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, शोलगारा जिले के शैखाह गांव में अफगान स्थानीय पुलिस (एएलपी) आधार शिविर पर तालिबान आतंकियों ने हथियारों और रॉकेट से चलने वाले ग्रेनेड से हमला किया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में आठ पुलिसकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए।

### श्रीलंका में 769 किलो कोकीन किया नष्ट

कोलंबो (आरएनएस)। श्रीलंका के अधिकारियों ने 769 किलोग्राम कोकीन को सार्वजनिक रूप से नष्ट कर दिया जिसे पुलिस ने पिछले कुछ वर्षों के दौरान राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जब्त किया था। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार राजधानी कोलंबो के बाहरी इलाके में एक गोदाम में राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की मौजूदगी में सोमवार को 10 अरब रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन को नष्ट कर दिया गया।

### दंगा मामले पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**फिर मुश्किल में हार्दिक**

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने पाटीदार नेता हार्दिक पटेल के केस संबंधित वह अर्जी अनसुनी कर दी, जिसमें पटेल ने नामांकन की समय सीमा खत्म होने से पहले सुनवाई करने का आग्रह किया था। पटेल ने अपील की थी कि शीर्ष अदालत उनकी याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई करे क्योंकि नामांकन भरने की तारीख चार अप्रैल तक ही है।

### आतंकियों की जड़ें मजबूत करने की साजिश

**कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी का वार**

गया (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में जम्मू कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफस्पा) हटाने और देशद्रोह की धारा 124 ए खत्म करने का वादा किये जाने के बाद उस पर आतंकियों की जड़ें मजबूत करने का आरोप लगाया। मोदी ने आज यहां के ऐतिहासिक गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सिर्फ दो लोग हैं जिनको चौकीदार' से परेशानी है एक महामिलावटी एवं उनके पैरोकार तथा दूसरे आतंकवादी और उनके मददगार। उन्होंने कहा कि वे परेशान क्यों है यह जानना भी जरूरी है।

### भारत को जल्द मिलेंगे 24 रोमियो, हेलिकॉप्टर से फायर होंगी मिसाइलें

**दुश्मनों की अब खैर नही**

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका ने 2.6 अरब डालर मूल्य के 24 एमएच-60 आर हेलिकॉप्टर भारत को बेचने की मंजूरी दी है। इन हेलिकाप्टरों के आने के बाद भारत की समुद्री सतह और पानी के अंदर विशेषकर पनडुब्बी मारक क्षमता में खासी बढ़ोतरी होगी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने पिछले साल इसके लिए अनुरोध किया था जिसे स्वीकृति दी गई है। सौदे के तहत अमेरिका भारत को 2.6 अरब कीमत के 24 एम एच 60 आर हेलिकॉप्टर बेचेगा।

### मिले इजराइल-भारत रक्षा सौदे के गुम हुए गोपनीय दस्तावेज

एजेंसी। इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहाकार के नेतृत्व वाले एक प्रतिनिधिमंडल से भारत के साथ रक्षा सौदे के गोपनीय दस्तावेज खो गए, लेकिन उनकी किस्मत का पहिया ऐसा घूमा कि एक रेस्तरांकर्मी की होशियारी के चलते ये कागजात उन्हें फिर वापस मिल गए.